तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




## खबर संक्षेप

### पीएम जनऔषधि केन्द्र का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र जिला चिकित्सालय परिसर से स्थानांतरित कर दिया गया है। स्थानांतरण उपरांत नवनिर्मित भवन में 3 नवंबर को सुबह 10:30 बजे इसका शुभारंभ होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त सुनील जैन होंगे। अध्यक्षता कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. बीएल गोयल, सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल होंगे।

### दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित करने शिविर

**बिलासपुर।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में दिव्यांगजनों के लिए 6 नवम्बर से 26 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इन शिविरों में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण करने के साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे। शिविर में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यह शिविर मस्तूरी ब्लॉक के हिण्डाडीह में 6 नवम्बर को लगेगा। बिल्हा के धौराभाठा में 10 नवम्बर को, तखतपुर के दैजा में 12, कोटा के चपोरा में 13, मस्तूरी के चिल्हाटी में 17 नवम्बर, बिल्हा के टेकर में 19 नवम्बर, तखतपुर के घुटकू में 24 नवम्बर एवं कोटा के करगीकला में 26 नवम्बर को शिविर लगेंगे।

### गुंडा बदमाश के पास मिला पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस

**बिलासपुर।** एक बार पुलिस ने एक गुण्डा बदमाश सहित दो लोगों को पकड़कर पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, मुबखिर से सूचना मिली बन्नाक चौक निवासी गुण्डा बदमाश नारायण अवस्थी अपने दोस्त अजय गोस्वामी के साथ पिस्टल रखकर घूम रहा है और कोई बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में पतासाजी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास एक पिस्टल व 4 जिंदा कारतूस मिला। दोनों से पिस्टल के संबंध में पूछताछ की गई, किन्तु वे कहां से पिस्टल व जिंदा कारतूस लाए यह नहीं बता रहे हैं। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मस्तूरी गोलीकांड में पुलिस ने आरोपी मवेशी तस्कर विश्वजीम अनंत एवं उसके साथियों को पकड़कर उनके पास से 3 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टा, 6 मैग्जीन, 5 जिंदा कारतूस, 13 नग खाली खोखा जब्त किया था। पुलिस अब तक आरोपी कहां से बड़ी संख्या में अवैध हथियार व जिंदा कारतूस लेकर आए पता नहीं लगा पाई है।

### विस्थापित सहकारी समिति में नामांकन आज

**बिलासपुर।** मिनीमाता भू-विस्थापित कामगार सहकारी सोसायटी मर्यादित जांजी का निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचित किए जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या 21 होगी। नामांकन पत्र 3 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक संस्था कार्यालय जांजी में प्रस्तुत कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच एवं सूची का प्रकाशन 10 नवम्बर, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन एवं निर्वाचन चिन्हों का आबंटन 6 नवम्बर दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान एवं मतगणना 12 नवम्बर को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक एवं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संस्था कार्यालय जांजी में होगा।

# स्कूलों ने बिजली बिल की राशि दूसरे मद में खर्च कर दी पांच साल से 25 करोड़ का बकाया, अब होगी बत्ती गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अलग खबर

सरकारी स्कूल पिछले 5 सालों से बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। प्रदेश भर की बात करें तो करीब 25 करोड़ का बिजली बिल इन स्कूलों पर बकाया है। इसमें बिलासपुर जिले के स्कूलों पर 80 लाख का भार बाकी है।

अब बिजली विभाग की ओर से शिक्षा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई और चेतावनी दी गई है कि समय पर बिजली बिल नहीं चुकाया गया तो स्कूलों की बिजली काटी जा सकती है। खास बात है कि बकायादार स्कूलों में सरकारी स्कूलों के अलावा आत्मानंद स्कूलों का भी भारी भरकम बिजली बिल बकाया है।

गौरतलब है कि हाल ही में लोक शिक्षा संचालनालय ने भी प्रदेश के सभी जिलों को पत्र लिखकर बिजली बिल की जानकारी मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक कई ऐसे स्कूल हैं जहां 5 साल तक के बिजली बिल बकाया हैं। ज्यादातर स्कूलों में बिना बिल का भुगतान किए बिजली का उपयोग किया जा रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी जिलों को विद्युत मद का आवंटन भी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद भी बजट की राशि बचने के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

- चेतावनी दी गई है कि बिल नहीं चुकाया गया तो स्कूलों की बिजली काटी जा सकती है
- विद्युत मद का आवंटन भी लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा उपलब्ध कराया गया था




### इन जिलों के स्कूलों में ज्यादा बकाया

- बिलासपुर 80 लाख
- कांकेर 1.30 करोड़ रुपए
- बीजापुर 90 लाख
- बेमेतरा 81 लाख
- बालोद 78 लाख
- महासमुंद 76 लाख
- राजनांदगांव 75 लाख
- सारंगढ़-बिलाईगढ़ 68 लाख
- जगदलपुर 68 लाख
- गरियाबंद 60 लाख

### जानकारी मंगाई जा रही है

लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र के आधार पर सभी स्कूलों से बकाया बिजली बिल की जानकारी मंगाई जा रही है। बिद्युत मद में कितनी राशि आई थी और कहां खर्च हुई इसकी भी जानकारी ली जा रही है।

**- विजय तांडे**
जिला शिक्षा अधिकारी

### उत्कृष्ट स्कूलों का भी बिल बकाया

ध्यान रहे कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम स्कूलों को संचालन के लिए हर साल 5 लाख रुपए की राशि दी जाती है। इसी में बिजली बिल अदा करने की राशि भी होती है। बिलासपुर में ही 8 से ज्यादा उत्कृष्ट विद्यालयों का बिजली बिल नहीं चुकाया जा सका है। प्राचार्यों का कहना है कि 5 लाख रुपए की राशि मिलती थी परंतु कहीं आधी राशि तो कहीं उससे भी कम का फंड राज्य शासन से मिला। इस साल समय पर राशि नहीं मिलने के कारण स्कूलों के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है क्योंकि उत्कृष्ट स्कूलों में बच्चों से किसी प्रकार की फीस नहीं ली जाती है।




### केन्द्र सरकार अनुदान राशि रोक देगी

सबसे बड़ी बात कि बिजली बिल के लिए मिली राशि का उपयोग अन्य मदों विभागों ने कर लिया गया है। सरकारी विभागों पर बकाया राशि बढ़ने से पावर वितरण कंपनी भी संकट में है। यदि सरकारी विभागों का बकाया बिजली बिल शून्य नहीं हुआ तो न केवल आरडीएसएस योजना के तहत केन्द्र सरकार राशि रोक देगी, बल्कि पूर्व में अनुदान के रूप में जारी राशि लोन में बदल जाएगी। ऐसे में बकाया राशि की वसूली करना पावर कंपनी के लिए भी सबसे ज्यादा जरूरी है। बिजली विभाग का कहना है कि जिन संस्थानों का बिजली बिल बकाया है उन्हें नोटिस जारी किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग को भी पत्र लिखकर बकाया बिल जमा करने कहा गया है।





## लगाम नहीं लगी तो बन जाएगा बांध, मोहनभाठा बस्ती में हुई अवैध खुदाई की शुरूआत

# दो सौ एकड़ के मैदान में मुरूम चोरी का 'भूमिपूजन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मुरूम की अवैध खुदाई के लिए मुरूम चोरों की नजर अब मोहनभाठा बस्ती से लगे दो सौ एकड़ के मैदान पर है। एक हफ्ते पहले चोरों ने मुरूम चोरी के लिए यहां 'भूमिपूजन' भी कर लिया है। रात 11 बजे के बाद जेसीबी व हाईवा वाहन यहां पहुंचते हैं, और सुबह होने के पहले ही अंधेरे में गायब हो जाते हैं। प्रशासन ने समय रहते रोक नहीं लगाई तो फिलहाल मैदान नज़र आ रहा यह क्षेत्र बांध की शक्ल में नज़र आएगा।

भरनीभाठा, चोरभट्ठी, भरारी व मोहनभाठा के बाहरी क्षेत्रों में भरपूर मुरूम खुदाई करने के बाद मुरूम चोरों की नजर अब मोहनभाठा बस्ती से लगे दो सौ एकड़ के मैदान पर है। मैदान में आज की स्थिति में बच्चों की अनेक टोलियां खेलती हैं, वहीं मोहनभाठा के लोगों के द्वारा यहां से लगे अन्य गांव जाने के लिए मैदान का उपयोग शार्टकट के रूप में किया जाता है। मोहनभाठा बस्ती में ही रहने वाले दो ग्रामीणों ने बताया कि पंद्रह दिनों पूर्व मैदान एकदम समतल था, लेकिन दिवाली के आसपास अचानक खुदाई प्रारंभ कर दी गई। रात 11 बजे तक ग्रामीणों के सो जाने के बाद हाईवा, ट्रेक्टर, जेसीबी व पोकलेन जैसे वाहन पीछे के रास्ते से मैदान में आते हैं और रात भर खुदाई करते हैं।

### मुरूम खनन पूरी तरह प्रतिबंधित

मुरूम खनन पर शासन स्तर से ही पूरी तरह प्रतिबंध लगा हुआ है। जिले में किसी भी व्यक्ति या स्थान को लीज पर खनन के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। यहां तक कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी ऐसी कोई स्वीकृति नहीं है। इतना प्रतिबंध होने के बाद भी डब्ल्यूबीएम सड़क, डामर सड़क के शोल्डर, घरों की पटाई, अवैध प्लॉटिंग के लिए रोड-रास्तों के लिए आसानी से मुरूम उपलब्ध हो रही है। प्रतिबंधित खनिज की इतनी आसान उपलब्धता क्या पुलिस और प्रशासन से सांठगांठ के बगैर संभव है?

### बारिश में रहेगा बड़ा खतरा



प्रशासन ने अगर समय रहते इस अवैध खुदाई पर नियंत्रण नहीं पाया तो आने वाली बारिश तक मैदान का एक बड़ा क्षेत्र बांध का रूप ले चुका होगा। चूंकि यह क्षेत्र बस्ती से लगा है, जिससे बारिश में गड्ढों में जलभराव के बाद छोटे बच्चों के लिए यह बड़ा खतरा साबित हो सकता है। हालांकि पांच फीट हाईट के भी बच्चे इसमें डूब सकें, इतना गड्ढा तो अभी ही खोदा जा चुका है, लेकिन अब भी उतनी देर नहीं हुई है।

### सैकड़ों प्रजाति के प्रवासी पक्षियों का बसेरा

मोहनभाठा की सैकड़ों एकड़ बंजर जमीन एवं आसपास का प्राकृतिक वातावरण प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। क्षेत्र में सैकड़ों प्रवासी पक्षियों का बसेरा है, जिसे निहारने शहर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से प्रकृति प्रेमी यहां पहुंचते हैं। खनिजों की अवैध खुदाई से न केवल प्रवासी पक्षियों का प्राकृतिक आवास खतरे में है, बल्कि क्षेत्र के रहवासी भी इसके खतरे से अछूते नहीं है।

### पुलिस को है अवैध खनन की जानकारी

मौके पर खड़े ग्रामीणों ने बताया कि यहां मुरूम का अवैध खनन शुरू हो चुका है इस बात की जानकारी पुलिस को हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि दो पुलिस वाले मौके पर आए भी थे और इसकी फोटो एवं वीडियो बनाकर ले गए हैं, लेकिन कार्रवाई फिलहाल शून्य है।

### ग्रामीण सोच रहे किसी को लीज़ मिल गई

मुरूम खुदाई की शुरूआत होने के संबंध में पूरे गांव को जानकारी है, लेकिन फिर भी पूरा गांव शांत है। इसका विरोध नहीं करने का कारण पूछने पर ग्रामीणों का कहना है कि जमीन किसी ने खरीद ली होगी या यह जमीन किसी को मुरूम खनन के लिए लीज पर मिली होगी यही सोचकर कोई ग्रामीण इसका विरोध नहीं कर रहा है। हालांकि ग्रामीणों की ओर से ऐसा बयान विरोध करके व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं लेने के कारण है, क्योंकि रात के अंधेरे में हो रही खुदाई कानूनन एवं लीज पर तो कतई नहीं हो सकती ये ग्रामीणों को भी पता है।

### शिकायत नहीं मिली

मोहनभाठा बस्ती से लगकर मुरूम की अवैध खुदाई के संबंध फिलहाल कोई शिकायत नहीं आई है। मौके पर इसकी जांच करवाई जाएगी।

**- नितिन तिवारी,** एसडीएम कोटा

# रेलवे अधिकारी की एक किलोमीटर दूर मिली लाश



**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने के दौरान बिल्हा के चूराघाट एनीकट में नहाते समय बहे रेलवे अधिकारी की दूसरे दिन एक किलो मीटर दूर लाश मिल गई है। उनके साथ बहे साले का दूसरे दिन भी पता नहीं चल पाया है।

ज्ञात हो कि शनिवार को बिल्हा रेलवे कालोनी निवासी रेलवे एसएससी संतोष राम 40 साल अपनी पत्नी बच्चे व साले अनुज कुमार उनकी पत्नी बच्चे के साथ पिकनिक मनाने उड़नताल चूराघाट एनीकट गए थे। दोपहर 3.30 बजे जीजी साला एनीकट में उतरकर नहा रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से संतोष राम डूबने लगे। आवाज लगाने पर उनके साले अनुज कुमार बचाने के लिए गए तो वे तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए थे। रविवार को सुबह एसडीआरएफ की टीम एनीकट में जीजा साला के तलाश में जुट गई। पतासाजी के दौरान सुबह 8 बजे एक किलोमीटर दूर एनीकट में तैरते हुए रेलवे एसएससी संतोष राम की लाश मिली। एसडीआरएफ की टीम ने एनीकट से लाश बाहर निकाल ली। वहीं टीम सुबह से देर शाम तक उनके साले की पतासाजी में लगी रही, किन्तु उनका पता नहीं चल पाया है। सोमवार को फिर से एसडीआरएफ की टीम पतासाजी करेगी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है।



- चूराघाट एनीकट में बहने का मामला

मस्तूरी गोलीकांड

# रिमांड समाप्त, सरगना सहित 4 आरोपी गए जेल

**बिलासपुर।** मस्तूरी गोलीकांड के सरगना सहित चार आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड में पूछताछ की जा रही थी। रिमांड समाप्त होने पर पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

28 अक्टूबर की शाम 6 बजे मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड के पास आफिस में बैठे जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं उनके करीबियों पर दो बाइक में आए नकाबपोशों ने 14 से 15 राउंड फायरिंग कर दी थी। नितेश सिंह के द्वारा लाइसेंसी हथियार से जवाबी फायरिंग करने व कुर्सी फेंककर मारने से नकाबपोश भाग निकले थे। 29 अक्टूबर को पुलिस ने मोहतरा निवासी मवेशी तस्कर विश्वजीत अनंत, उसके भाई व एक नाबालिग सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। 30 अक्टूबर को पुलिस ने सरगना विश्वजीत अनंत, उसके भाई अरमान अनंत, चाहत उर्फ विक्रमजीत, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस को तीन दिन की रिमांड में लेकर पूछताछ शुरू की। 31 अक्टूबर को दो आरोपियों की निशानदेही पर एक और देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस जब्त किया गया था। वहीं उनसे पूछताछ के बाद 1 नवंबर को गोलीकांड षड़यंत्र में शामिल कांग्रेस नेता अकबर खान, मोहतरा निवासी देवेश सुमन उर्फ निक्कु सुमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 2 नवंबर को पुलिस रिमांड समापत होने पर पुलिस ने आरोपी विश्वजीत अनंत, उसके भाई अरमान अनंत, चाहत उर्फ विक्रमजीत, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस को कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। मुख्य षड्यंत्रकर्ता गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय, कांग्रेस नेता दर्रीघाट निवासी तारकेश्वर पाटले पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## उसलापुर में थी पोस्टिंग, पश्चिम बंगाल का रहने वाला था

# ट्रेन की टक्कर से लोको पायलट की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

उसलापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक से 100 मीटर पहले यार्ड में बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस से एक लोको पायलट की संदिग्ध मौत हो गई। जीआरपी ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

जीआरपी स्टाफ पंचराम जालान के अनुसार पश्चिम बंगाल अवकाश सोसायटी साउथ नालुंगा निवासी अनंत कुमार पिता शैलेन्द्र कुमार 38 साल लोको पायलट के पद पर कार्यरत है। शनिवार की दोपहर उसलापुर रेलवे स्टेशन के डाउन लाइन पर बरौनी से गोंदिया की ओर जाने वाली एक्सप्रेस प्लेटफार्म नम्बर एक पर पहुंची थी। यह ट्रेन स्टेशन प्लेटफार्म पर 10 मिनट स्टापेज के बाद रायपुर की ओर जाने वाली थी। इसी दौरान उसलापुर स्टेशन के 100 मीटर पहले यार्ड के सामने बने चालक, परिचालक विश्राम गृह और ट्रेनिंग सेंटर से लोको पायलट अनंत कुमार निकलकर लाइन पार कर रहा था, जो बरौनी एक्सप्रेस के नीचे आ गया। ट्रेन की टक्कर से लोको पायलट अनंत कुमार की खोपड़ी टूटने के साथ भेजा बाहर और सामने का पंजा कटकर अलग हो गया। मौके पर लोको पायलट अनंत कुमार की मौत हो गई। बरौनी एक्सप्रेस के चालक ने इसकी सूचना तत्काल स्टेशन प्रबंधक को दी। दोपहर 3.30 बजे मेमो मिलने के बाद बिलासपुर जीआरपी की टीम उसलापुर स्टेशन यार्ड पहुंची, जहां लाइन पर पड़े लोको पायलट अनंत कुमार के शव को हटाकर किनारे किया गया। रविवार को दूसरे दिन लोको पायलट का शव पोस्टमार्टम कराने के उपरांत उसके फुफेरे साले के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की तलाशी भी ली गई। वह साधारण कपड़े में निकला हुआ और उसके पास मोबाइल व कुछ दस्तावेज भी नहीं मिला। वहीं सूचना मिलने के बाद डिवीजनल रनिंग ब्रांच के सेक्रेट्री रामकुमार यादव सहित अन्य लोको पायलट थाने पहुंचे, जिनकी सहमति के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए देने के उपरांत मर्ग कायम कर छानबीन शुरु कर दी गई है।



मृतक

मृतक लोको पायलट अनंत कुमार की पोस्टिंग उसलापुर में थी। उसके मौत की सूचना तत्काल पश्चिम बंगाल में रहने वाले परिजन को भी दे दी गई थी। परिजन शनिवार को हावड़ा से पुणे जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस में बिलासपुर तक आने के लिए सफर कर रहे थे।

### ट्रेन के नीचे आया यात्री सिविल डिफेंस ने बचाई जान

पानी लेने के लिए कोच से नीचे उतरने के दौरान अचानक पैर फिसलने से एक यात्री ट्रेन के नीचे चला गया, जिसपर नजर पड़ते ही सिविल डिफेंट स्टाफ ने यात्री को बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए भेजकर जान बचाने का कार्य किया है। रविवार की शाम 5 बजे खड़गपुर से सूरत जा रही एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर चार पर आकर रूकी। ट्रेन के रूकते ही एक यात्री पीने का पानी भरने के लिए कोच से नीचे उतरने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसला और सीधे ट्रेन के नीचे चला गया। इसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट आने से बेहोश हो गया। वहीं सूचना मिलते ही स्टेशन में मौजूद सिविल डिफेंस के स्टाफ ने तत्काल यात्री को बाहर निकाला और शीघ्र प्राथमिक उपचार कराने के उपरांत सिम्स रवाना कर दिया। सिविल डिफेंस के सहयोग से यात्री की जान बच गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम आपातकालीन स्थितियों में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाने के साथ समाज में मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

## खबर संक्षेप

### गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी




**बिलासपुर।** धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थीहिरिया सिंह सिंधी कॉलोनी से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जपजी साहब का अखंड पाठ नियमित चल रहा है। यह कार्यक्रम गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाश उत्सव पर आयोजित है। जिसमें 30 तारीख से नियमित प्रभात फेरी भी निकाली जा रही है। आज यह प्रभात फेरी धन गुरु नानक दरबार से होते हुए सिंधी कॉलोनी मध्य नगरी चौक होते हुए मेडिकल कंपलेक्स से कश्यप कॉलोनी पहुंची। यहां पंचायत के पदाधिकारी एवं समाज के लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया। कल यह प्रभात फेरी गुरुद्वारा से आरंभ होकर राजेंद्र नगर बृहस्पति बाजार से होते हुए आजाद नगर पहुंचेगी। यहां पर भी पंचायत के पदाधिकारी द्वारा प्रभात फेरी का स्वागत रखा है। सभी से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किय गया है। इस इस प्रोग्राम को सफल बनाने में दरबार के प्रमुख मूलचंद नारवानी, सोनू लालचंदानी आदि सक्रिय हैं।

### रमन विश्वविद्यालय ने टूकेन्द्र को दी पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** डॉक्टर सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर ने टूकेन्द्र कुमार को प्रबंधक विभाग द्वारा पीएचडी की



उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य कर्मचारी व्यवहार पर संगठनात्मक संस्कृति का प्रभाव (छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के दो निजी संस्थान में) विषय पर पूर्ण किया है। यह शोध कार्य टूकेन्द्र ने प्रबंधन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना अग्रवाल के निर्देशन व सुपरविजन में पूर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सीवीआरयू के पूर्व कुलपति डॉक्टर आरपी दुबे व पूर्व कुलसचिव गौरव शुक्ला, कुलपति प्रदीप कुमार घोष, निकेत शुक्ला,अंशुल श्रीवास्तव और अपने माता-पिता, गुरूजन को दिया है।

### निशुल्क शल्य शिविर में 22 विकलांगों को मिले कैलिपर्स



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 62वां निशुल्क विकलांग शल्य शिविर का समापन जिला अस्पताल में हो गया। यह शिविर 23 से 30 अगस्त तक डॉ.राधेश्याम- गायत्री देवी अग्रवाल ( नालोटिया) परिवार द्वारा स्व. मांगीबाई - स्व. उदयलाल की स्मृति में जिला अस्पताल में प्रारंभ हुआ। इसमें 22 विकलांगों की शल्य क्रिया की गई। आज उन सभी 22 शल्य क्रिया का डॉ.अजय पंड्या के मार्गदर्शन में पैरामेडिकल स्टाफ महेश पटेल, दुर्गा यादव सहित जिला अस्पताल के चिकित्सा सहायकों ने प्लास्टर हटाकर फिजियोथैरेपी की। जिला प्रशासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा विकलांग जनों को कैलीपर्स उपलब्ध कराए गए। इसमें संयुक्त संचालक टी. पी. भावे पूरे समय उपस्थित रहे हैं। विकलांग जनों को कैलीपर्स पहनाकर चलाया गया। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.विनय कुमार पाठक एवं राष्ट्रीय महामंत्री मदनमोहन अग्रवाल तथा संगठन मंत्री डी.पी. गुप्ता एवं राजेश पांडेय, प्रो बीएल गोयल ने बताया कि यह शिविर अत्यंत सफल उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध हुआ है।आगे भी इस तरह के और शिविर लगाने की योजना है। इस अवसर पर आरके गेंदले, मुरारीलाल परमार, जानकीलाल विश्वकर्मा, अनिल लछुका आदि उपस्थित रहे।

### करमा प्रतियोगिता में नर्तक दलों ने दी मनमोहक नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति

**बिलासपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिल में 1 अक्टूबर से 15 नवंबर तक करमा महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत विकासखण्ड कोटा में विकासखण्ड स्तरीय करमा प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 6 नर्तक दलों ने भाग लिया एवं उनके द्वारा मनमोहक करमा नृत्य एवं करमा गीतों की प्रस्तुति दी गई। जनजातीय लोक गायकों (गीतों) का प्रतिनिधित्व एवं जनजातीय समुदायों में प्रचलित परम्परागत वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल द्वारा जीवन ज्योति करमा दल परसापानी को प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान बैगिन-बैगा करमा दल कुरदर को दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूरज साधेलाल भारद्वाज, सरोज दुर्गेश साहू, मनोहर सिंह राज ने की। उक्त कार्यक्रम में विभाग की ओर से सुश्री आकांक्षा, डॉ. जी. एस. अश्विनी कुमार, पवन कुमार शर्मा, सुशील कुमार मिश्रा, मो. इकबाल आदि मौजूद थे।

## निधन

### रमाकांत गढ़ेवाल



**बिलासपुर।** राजीव गांधी चौक ओमनगर जरहाभाठा वार्ड क्रमांक 21 निवासी रमाकांत गढ़ेवाल का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 3 नवंबर को सुबह 10.30 बजे कस्तूरबा नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास गढ़ेवाल के पिता थे।

### कुटेला बाई विश्वकर्मा



**सकरी।** वार्ड क्रमांक 1 सकरी निवासी कुटेला बाई विश्वकर्मा का 80 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामजी विश्वकर्मा की मां एवं ऋषभ और रंजीत विश्वकर्मा की दादी थीं।

### नंदकिशोर तिवारी



**बिलासपुर।** सक्ति जिले के अड़भार निवासी नंदकिशोर तिवारी (93 वर्ष) का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अड़भार में सोमवार सुबह 8 बजे को किया जाएगा। वे अरुण, अजय, अरविंद के पिता एवं अर्जुन, मयंक, अंशुल, प्रणत के दादा थे।

---

**कौन बनेगा अध्यक्ष सस्पेंस बरकरार** | नए शहर कांग्रेस व ग्रामीण जिलाध्यक्ष की होनी है नियुक्ति

# कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर दिल्ली पर टिकी सबकी निगाहें

**बिलासपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर सभी कांग्रेसजनों की निगाहें दिल्ली की ओर लगी हुई है। वे अपने-अपने सूत्रों को फोन लगाकर जानकारी लेने में लगे हुए हैं।

वहीं दूसरी शहर अध्यक्ष व ग्रामीण अध्यक्ष कौन-कौन बनेगा इसे लेकर पार्टी में सस्पेंस बरकरार है। सर्वे रायशुमारी से लेकर पार्टी के बड़े नेताओं से चर्चा सारी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कभी भी अध्यक्ष नियुक्ति की लिस्ट जारी हो सकती है। संगठन सृजन अभियान तहत शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद पर नियुक्ति होने वाली है। इसके लिए कांग्रेस संगठन की ओर से निर्धारित की गई सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पार्टी की ओर से केन्द्रीय पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की टीम यहां फिल्ड में सर्वे की है। इसके साथ ही पर्यवेक्षक स्वयं विधानसभावार कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और अध्यक्ष पद के दावेदारों से रायशुमारी कर चुके हैं। 23 अक्टूबर को केन्द्रीय पर्यवेक्षक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को अपनी रिपोर्ट भी दे चुके हैं। नए कांग्रेस अध्यक्ष चयन को लेकर प्रदेश के बड़े नेताओं के साथ कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट और एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल के साथ बैठक भी हो चुकी है। प्रदेश के बड़े नेताओं ने अपने-अपने पसंद के दावेदारों का नाम दिल्ली में रख चुके हैं। अब कभी भी दिल्ली से नए कांग्रेस अध्यक्षों की लिस्ट जारी हो सकती है इसलिए सभी कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं की निगाहें दिल्ली की ओर टिकी हुई है।

### जातिगत समीकरण भी देखा गया

संगठन सृजन अभियान तहत पर्यवेक्षक की टीम द्वारा शहर कांग्रेस अध्यक्ष और ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए विधानसभावार जातिगत जानकारी भी जुटाई गई। बिलासपुर शहर में किस-किस जाति की बाहुल्यता है और अलग-अलग विधानसभाओं में सामान्य से लेकर पिछड़ा वर्ग, एसटी-एससी वर्ग का प्रतिशत क्या है यह पूरी जानकारी जुटाई गई है। क्योंकि नए शहर कांग्रेस एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के चयन के लिए जातिगत समीकरण पर भी विचार किया गया।

### कार्यकर्ताओं, दावेदारों से हुआ था वन टू वन

केन्द्रीय पर्यवक्षक मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 10 अक्टूबर को अपनी टीम के साथ बिलासपुर पहुंचे थे और यहां पर लगातार तीन दिनों तक नए अध्यक्ष के चयन को लेकर रायशुमारी किए थे। केन्द्रीय पर्यवेक्षक द्वारा सभी विधानसभाओं में जाकर विधानसभावार कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई और हरेक विधानसभा के नेता, पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ताओं और दावेदारी से भी वन टू वन एवं ग्रुप में मिलकर रायशुमारी की गई। इस दौरान शहर अध्यक्ष और ग्रामीण अध्यक्ष के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन देकर कांग्रेसजनों ने अपनी दावेदारी पेश की थी।

---

शहर के बीच मधुबन में बनाए गए अटल आवास में 4 साल बाद भी लोगों को सुविधा नहीं

# टैंकर के सहारे 250 से अधिक परिवार को पानी लेकर चौथी मंजिल तक चढ़ना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच मधुबन में बनाए गए अटल आवास में 4 साल बाद भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। निगम चार सालों में यहां पाइप लाइन नहीं बिछा सका और लोगों को टैंकर के सहारे जीना पड़ रहा है। रोज सुबह 10 बजे के करीब एक या दो पानी के टैंकर यहां पहुंचते हैं जिससे पानी लेने के लिए लंबी लाइन लगती है। 250 के करीब परिवारों को इन्हीं दो टैंकरों में पहुंच रहे पानी के सहारे सारा काम करना पड़ रहा है। खास तौर पर महिलाओं को पहले पानी लेने की मशक्कत के बाद चौथी मंजिल तक उसी पानी को बाल्टी, हवला, घघरी में भरकर चढना पड़ रहा है। जिस दिन टैंकर नहीं आता तो और परेशानी होती है और महिलाओं को करीब एक किलोमीटर दयालबंद मुख्य सड़क पर लगे टेपनल से पानी लाने जाना पड़ता है। इसके लिए भी सुबह लंबी लाइन लगती है। हर तरफ कचरा, गंदी नाली और मकानों के टूटे दरवाजे और खिड़कियां यहां की बदहाली कहने के लिए काफी हैं।

नगर निगम ने चार साल पहले मधुबन में अटल आवास बनाया था। इसमें फ्लैट के तौर पर 406 घर बने थे। निगम ने तालापारा में रह रहे 175 लोगों को यहां शिफ्ट किया था। इसके साथ ही दयालबंद के 80 परिवारों को यहां मकान दिए गए। फिलहाल 252 परिवार यहां रह रहे हैं। निगम ने सारी व्यवस्था तो की लेकिन पानी सप्लाई नियमित नहीं हो सकी है। उस दौरान अधिकारियों ने बड़े बड़े दावे करते हुए कहा था कि 3 महीने में पाइप लाइन बिछाकर जैसे की शहर के दूसरे हिस्सों में दोनों टाइम पानी सप्लाई होती है उसी तरह यहां भी होगी। लोगों ने उन वादों और दावों पर यकीन भी कर लिया लेकिन इसके बाद अधिकारी भूल गए।




मधुबन के अटल आवास में पानी की किल्लत, टैंकर से घरों में की जा रही पानी की सप्लाई।

### बोर से गंदा पानी इसलिए सप्लाई बंद

निगम अधिकारियों का कहना है कि यहां लगाए गए बोर से नदी का गंदा पानी आ रहा था। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए इसलिए ही इसे बंद कर दिया गया और टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। निगम के मुताबिक बोर के पानी से कपड़े धुलाई और दूसरे काम तो हो सकते हैं लेकिन पीने के लिए यह सही नहीं है। अब खूंटाघाट से जो पाइप लाइन बिछी है उसे मल्टीपरपस स्कूल के पानी टंकी से जोड़ा गया है। इसी टंकी से अटल आवास तक पाइप लाइन बिछाते हुए टंकी से पानी सप्लाई होगी। इसके बाद सारी समस्या दूर हो जाएगी। फिलहाल एक इंची पाइप से पानी दिया जा रहा है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है इसलिए जरूरत के मुताबिक टैंकर भिजवाया जाता है।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत

यहां के निवासियों ने कई बार इस संबंध में वार्ड पार्षद से लेकर महापौर और निगम अधिकारियों से मुलाकात की। अपनी समस्या बताई लेकिन कुछ नहीं हुआ। निगम ने एक तरह से अहसान करते हुए दो टैंकर पानी रोजावा भेजना जरूर शुरू किया। स्थायी व्यवस्था पर लेकिन निगम का ध्यान नहीं है। यहां रहने वाले रामदास निर्मलकर और शमीम बेगम ने बताया कि कोई सुनने वाला है ही नहीं। इन लोगों के मुताबिक टैंकर भी सुबह 10 बजे के बाद पहुंचते हैं इसे जल्दी भेजा जाना चाहिए क्योंकि यहां रहने वाले अधिकांश लोग मजदूर वर्ग के हैं और सुबह 9 बजे से पहले काम पर निकलना होता है।

### ट्यूबवेल से गंदा पानी आ रहा था

यहां लगाए गए बोर से नदी का गंदा पानी आ रहा था। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए इसलिए ही इसे बंद कर दिया गया और टैंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। अब खूंटाघाट से जो पाइप लाइन बिछी है उसे मल्टीपरपस स्कूल के पानी टंकी से जोड़ा गया है। इसी टंकी से अटल आवास तक पाइप लाइन बिछाते हुए टंकी से पानी सप्लाई होगी।

**- अनुपम तिवारी**
नोडल अधिकारी

---

## एजुकेशन प्लस



### बीपीएस बहतराई में ग्लोबल मॉडल यूनाईटेड नेशन्स-2025 का समापन

**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बहतराई में चल रहे तीन दिवसीय ग्लोबल मॉडल यूनाईटेड नेशन्स-2025 ब्रिलियंट चेप्टर का भव्य समापन विद्यालय प्रांगण में हो गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 10 प्रतिष्ठित विद्यालयों से आए 550 प्रतिभागियों ने विगत तीन दिनों में अपने तार्किक विश्लेषणात्मक व धारा प्रवाह वाचन कौशल से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील ओटवानी, अनित सोनी और विशिष्ट अतिथि ब्रिलियंट पब्लिक चेन ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रबंध मंडल से उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल, निर्देशक अंकित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, ब्रिलियट वसुन्धरा, अम्बिकापुर से बबली अग्रवाल शामिल हुई। विद्यार्थियों ने नृत्य व बैंड की मनमोहक व सुरीली प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विजेताओं की घोषणा करते हुए पुरस्कार वितरण किया गया। जहां विद्यार्थियों को सभी कमेटी के विद्यार्थियों में से बेस्ट डेली, हाई कमेंडेशन व वरबल मेंशन को पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि श्री ओटवानी ने विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति सदैव विनम्र व विनीत रहने की बात कही।

विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विजेताओं के उज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक प्राचार्या डॉ श्रुति गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में उप-प्राचार्या रोजनेरी लक्ष्मण, श्रुति देशपाण्डे, नीतू गुरूंग, विवेक शर्मा, आशीष गुप्ता, दिनेश सोनी, स्वाति बाला गुप्ता एवं प्रभारी शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा।

## बिजनेस प्लस



### अपनामार्ट में होलसेल हफ़्ता जोरों पर, ग्राहकों की लगी भीड़

**बिलासपुर।** शहर के प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट पर होलसेल हफ़्ता पूरे ज़ोर से चल रहा है। 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक ग्राहक स्टोर और एप दोनों पर होलसेल रेट का लाभ ले सकेंगे।

फेस्टिवल सीजन के उपरांत सभी ऑफर बंद होने के बाद भी अपनामार्ट की इस पहल ने ग्राहको को राहत की सांस दी है । सिर्फ 1000 की शॉपिंग पर ग्राहक सभी आइटम पर होलसेल रेट प्राप्त करेंगे। होलसेल हफ़्ता का एक प्रमुख आकर्षण है राइस मेला जिसमें विभिन्न प्रकार के राइस प्रोडक्ट ग्राहकों को सबसे अच्छे दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने ग्राहको से निवेदन किया है कि वे बड़ी से बड़ी संख्या में आकर ऑफर्स का फायदा उठाएं और महंगाई से राहत प्राप्त करें। उन्होंने वादा किया है कि अपनामार्ट आगे भी ऐसे ऑफर्स लाकर ग्राहकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाता रहेगा । अभिषेक ने बताया कि अपनामार्ट द्वारा ग्राहकों के हित के लिए समय-समय पर कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लाभान्वित कियाजा रहा है, जिसका हमे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। अपनामार्ट ही एक ऐसा संस्थान है जो छत्तीसढ़ के कई जगहों पर अपनी पहचान बना चुका है। हमारे द्वारा दी जा रही स्क्रीम का सभी ग्राहक लाभ ले रहे हैं। हमारे यहां दूसरी जगह से कम कीमत पर और विशेष छूट के साथ सेल किया जा रहा है।

---

## एसईसीएल की तकनीकी पहल की केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सराहना की

**बिलासपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली ने एसईसीएल की पारदर्शिता, जवाबदेही और एथिकल गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाने की गई टेक्नॉलॉजिकल एवं डिजिटल पहलों को अपनी वार्षिक प्रकाशन "प्रिवेंटिव विजिलेंस मेजर्स – 2025" में शामिल किया है। इस प्रकाशन में "स्मार्ट विजिलेंस, सेफर माइन्स" शीर्षक से प्रकाशित आलेख में एसईसीएल की इनॉवेटिव और प्रोग्रेसिव प्रैक्टिसेज को रेखांकित किया गया है। जिसमें बताया गया है कि किस प्रकार डिजिटल सिस्टम्स का उपयोग प्रिवेंटिव विजिलेंस, सेफ्टी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को सुदृढ़ बनाने में किया जा रहा है। मुख्य पहलों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को डिजिटल विजिलेंस की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दर्शाया गया है। आईसीसीसी के अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलांस, व्हीकल लोड मॉनिटरिंग, फायर और स्मोक डिटेक्शन तथा पीपीई कंप्लायंस को एकीकृत किया गया है। एआई एनालिटिक्स से किसी भी अनियमितता की पहचान रियल टाइम में हो जाती है, जिससे त्वरित एवं प्रिवेंटिव एक्शन संभव हो पाता है। प्रकाशन में एसईसीएल की डिजीकोल पहल



का भी उल्लेख किया गया है — जो ड्रोन, आईओटी डिवाइसेज और एआई एनालिटिक्स की सहायता से माइन प्लानिंग, मॉनिटरिंग और लैंड मैनेजमेंट को अधिक प्रभावी बनाती है। एसईसीएल ने आरएफआईडी बेस्ड डीडीयू ऑटोमेशन सिस्टम लागू किया है, जिससे केवल ऑथराइज्ड व्हीकल्स और मशीनों को ही फ्यूल प्राप्त हो सकता है। प्रत्येक ट्रांजैक्शन का डिजिटल ऑडिट ट्रेल तैयार होता है, जिसकी निगरानी एआई बेस्ड एनालिटिक्स द्वारा की जाती है। इस पहल से फ्यूल मैनेजमेंट में पारदर्शिता, जवाबदेही और उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित हुई है।

## सिम्स के डॉक्टरों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, बच्चों ने निकाली रैली



**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम परसदा में सिम्स के कम्युनिटी मेडिसीन विभाग द्वारा फैमली एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं सामान्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने स्कूली बच्चों एवं डॉक्टरों ने जागरूकता रैली निकाली। साथ ही गांव में लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। इंटर्न छात्रों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें मनोरोग विभाग एवं सामुदायिक विभाग ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रिंसिपल मोरीन सैम्युल, शिक्षकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मनहरण कौशिक का भी सहयोग रहा। सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति के मार्गदर्शन और कम्यूनिटी मेडिसीन के विभागाध्यक्ष डॉ. हेमलता ठाकुर एवं डॉ सुजीत नायक ने मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में डॉ. राकेश जांगड़े, डॉ. सुधांशु, सत्यस्मिता जैन, प्रियांश दुबे, डॉ. ज्योति, डॉ. जांनवी, डॉ. सुचिता, डॉ. श्रुति, डॉ. नसरीन, डॉ. डार्विन, डॉ. मधु, डॉ. सुमित, डॉ. आशीष, डॉ. विनोद, डॉ. रितिका, प्रतीक, विजय आदि ने का सहयोग रहा।

---

**अग्रवाल सेवा समिति के सदस्यों ने किया जीर्णोद्धार**

# अग्रवाल सेवा समिति ने किया भारतीयनगर मुक्तिधाम का कायाकल्प, समाज सेवा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देवउठनी एकादशी व तुलसी विवाह के अवसर पर जब लोग अपने घरों व मंदिरों में पूजा में व्यस्त थे, तब अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल सहित सेवा समिति के सदस्य सीए आनंद अग्रवाल, अजय जाजोदिया, सीए राजुल जाजोदिया, ललित अग्रवाल, सुनील मुरारका, राजीव अग्रवाल, मोनू मुरारका सहित अनेकों अग्रवंशी भरतीयनगर मुक्तिधाम को सजाने-संवारने को अंतिम रूप देने में लगे रहे।

ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व तक भारतीय नगर मुक्तिधाम अपनी जीर्णशीर्ण अवस्था में अव्यवस्था के कारण जुआ-शराब का अड्डा था। बिलासपुर अग्रवाल समाज मानवता की सेवा में अग्रवाल सेवा समिति बनाकर अग्ररत्न सीए आनंद अग्रवाल के नेतृत्व में इसे संवारने का संकल्प लिया।



### मानव सेवा के लिए उपल्बध सुविधाएं

आज यहां झरनायुक्त मुख्य द्वार, 550 फिट नई सीमेंट सड़क, चबूतरे, बैठने के लिए लाइट पंखे युक्त दो हॉल, सैकड़ों कुर्सियां, शौचालयों, स्नान के लिए 10 शॉवर साफ सफाई करने 5 नियमित स्टॉफ के साथ कचरे डालने 25 डस्टबीन, सीसीटीवी के साथ रात दिन अलग अलग चौकीदार, 200 नए पौधरोपण कर माली द्वारा गार्डन बनाने का कार्य किया गया। 10 हाइवा जीरो गिट्टी से पर्याप्त समतल पार्किंग के साथ प्रतिदिन देखरेख की जा रही हैं। सीए आनंद द्वारा पहले से ही निःशुल्क स्वर्ग रथ सुविधा के साथ करोना काल से मानव सेवा समिति द्वारा भूखों को भोजन व प्यासे को पानी उपलब्ध कराने मंगला चौक के समीप प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगभग 1000 लोगों को निःशुल्क स्वादिष्ट भोजन बैठा कर परोसा जाता है।

### अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने बताया कि मुक्तिधामों के निर्माण, सज्जा और रख-रखाव में अग्रवाल समाज द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इसके पीछे समाज के सदस्यों का संकल्प और सेवाभाव गहराई से जुड़ा है, जो महाराजा अग्रसेन के आदर्शों से प्रेरित बिलासपुर के मुक्तिधामों की देखरेख का जिम्मा भी अपने ऊपर लिया है। देवकीनंदन मुक्तिधाम सरकंडा में रामावतार अग्रवाल द्वारा तथा भारतीय नगर मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण, सुरक्षा, साफ-सफाई, पौधरोपण, बैठक व्यवस्था, पेयजल की सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, फूलों की सजावट जैसे कार्यों की जवाबदेही अग्रवाल सेवा समिति ने ली है। भारतीय नगर मुक्तिधाम के कायाकल्प करने में नगर विधायक अमर अग्रवाल, जिलाधीश संजय अग्रवाल व नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित अग्रवाल समाज के सदस्य विशेष उत्साह के साथ तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं।

### सेवा को पुण्य मानकर करते हैं सहयोग

अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज के युवाओं से लेकर वरिष्ठजन तक सभी मुक्तिधामों की सेवा को पुण्य मानकर इसमें योगदान देते हैं। समय-समय पर आयोजन व अभियानों के माध्यम से मुक्तिधामों की मरम्मत, विस्तार और धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन किए जाएंगे, जिससे समाज में स्वच्छता, श्रद्धा और एकजुटता का संदेश जाएगा. इस प्रयास से न केवल अग्रवाल समाज, बल्कि बिलासपुर के व्यापक समुदाय को भी समर्पण और सहयोग की प्रेरणा मिलेगी, ताकि फिर माननीय उच्च न्यायालय को प्रशासन को मुक्तिधामो की देखरेख हेतु निर्देश देने की आवश्यकता नही पड़ेगी।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



सिम्स परिसर में हनुमान भगवान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस मौके पर सिम्स के अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने आरती कर पूजन किया। एमआरडी के पास भगवान हनुमान की स्थापना की गई।

आयोजन

## वन्दे मातरम मित्र मंडल जैसी संस्था पूरे देश में हों



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल की 221 वीं बैठक में आर्यिका 105 श्री अनर्घ मति माताजी ने वन्दे मातरम मित्र मंडल को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि मैं किसी से बेहतर करूं, कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं किसी का बेहतर करूं बहुत फर्क पड़ता है, वन्दे मातरम मित्र मंडल समाज के लिए बेहतर कर रहा है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वन्दे मातरम मित्र मंडल बेटियों की रक्षा के लिए,धर्म की रक्षा के लिए,समाज की रक्षा के लिए संस्कृति की रक्षा के लिए एक सराहनीय कार्य कर रहा है। इंडिया नहीं भारत बोलो स्वदेशी अपनाओ,अपनी संस्कृति पर गर्व करो,भारत जैसा कोई देश नहीं यह मर्यादा पुरुषोत्तम राम,योगेश्वर श्री कृष्ण,भगवान महावीर की जन्मभूमि है। वन्दे मातरम-मित्र मंडल जिस प्रकार पिछले चार वर्षों से समाज को जागृत करने का कार्य कर रहा है वह अनुकरणीय है इसका विस्तार पूरे देश में होना चाहिए।

धर्म-क्षेत्र

## श्याम महोत्सव के तीसरे दिन सवामनी भोग व भंडारा

**बिलासपुर।** घोंघा बाबा मंदिर स्थित खाटू श्याम मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 15वें श्याम महोत्सव का समापन रविवार को हुआ। श्री श्याम महोत्सव के तीसरे दिन बाबा श्याम की सुबह आरती के पश्चात हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा श्याम का राजसी श्रृंगार किया गया। इसके बाद सबसे पहले मंदिर समिति ने बाबा को सवामणी का भोग लगाया। इसके बाद सुबह से लेकर शाम तक भक्तों ने बाबा को सवामणी भोग अर्पित किए। वहीं भजनों से बाबा का दरबार सजा और श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।



कार्यक्रम

## कबाड़ से जुगाड़ प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता झलकी



**बिलासपुर।** राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बहतराई वार्ड नंबर में छात्र-छात्राओं के लिए विज्ञान मेला आयोजित आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पाँचवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने कबाड़ के समान से प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। इस अवसर पर हायर स्कूल प्रिंसिपल स्मिता चोपडे, बिजौर संकुल प्रिंसिपल सी.धृतलहरे, सीएसी मनोज सिंह ठाकुर.सीएसी कुछवाहा, किरण सिंह ठाकुर, सुषमा पाठक विद्यालय की प्रधान पाठक अनिता लक्ष्में के मार्गदर्शन में शिक्षिकाएँ अल्पना तिवारी, ममता साहू, सुनन्दा कुमार, शुभा दुबे, अंजना चौबे, रश्मि पांडेय, प्रियंका चौबे, नेहा श्रीवास्तव और सरोज देवी भास्कर ने बच्चों को प्रोजेक्ट तैयार करने में सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

आयोजन

## सांई सच्चरित्र एवं गजानन विजय ग्रंथ का किया गया पाठ



**बिलासपुर।** पारिजात एक्सटेंशन कॉलोनी नेहरूनगर में स्थित साई मंदिर में चल रहे कार्तिकोत्सव के कार्यक्रम के अंतर्गत अखंड साई सच्चरित्र एवं गजानन विजय ग्रंथ के पाठ का आयोजन किया गया। पाठ मंदिर में एवं ऑनलाइन घर से पूर्ण किया गया। इसके लिए सांई सच्चरित्र के एवं गजानन विजय ग्रंथ के समूह बनाए गए। आचार्य अनिरुद्ध वर्तक द्वारा मंत्रोपच्चार तथा मानसपूजा कर समूह प्रमुखों से हर एक पोथी के प्रथम अध्याय का वाचन प्रारंभ कराया। तत्पश्चात समूह के सभी सदस्यों द्वारा उन्हें आबंटित पाठ का वाचन किया। इस बीच शिरीष राचेलवार द्वारा एकासनी गजानन विजय ग्रंथ के 21 अध्यायों का पारायण किया। कार्यक्रम की रूपरेखा को साई मंदिर के संस्थापक दिलीप पात्रिकर के मार्गदर्शन में संयोजक सचिन पराते, सुधीर देशकर एवं अन्य साई सेवकों द्वारा रेखांकित एवं कार्यान्वित किया।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ राज्योत्सव का आगाज

केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने पुलिस परेड मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।





विभागीय स्टाल में दिखा 25 वर्षों के विकास का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मुख्य अतिथि की आसंदी से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज आत्मनिर्भरता, सामाजिक न्याय और विकास का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने बताया कि राज्य देश का पहला था जिसने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू कर गरीबों के घर राशन पहुँचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 80 करोड़ लोगों तक मुफ्त राशन पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रत्येक परिवार को 35 किलो चावल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने 25 वर्षों में भूख,गरीबी और पिछड़ेपन को पीछे छोड़ आत्मनिर्भरता, विकास और सामाजिक न्याय की नई पहचान बनाई है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि जनभावनाओं और सपनों की पूर्ति था। 25 वर्षों में यह राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अद्वितीय प्रगति कर चुका है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच ने छत्तीसगढ़ को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि जब छत्तीसगढ़ राज्य बना, तब हमारे सामने अनेक चुनौतियाँ थीं शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, राजस्व की कमी और सड़कों की दुर्गति जैसी समस्याएँ विरासत में मिलीं।

कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, संभागायुक्त सुनील जैन, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा व पूजन

**बिलासपुर।** श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर क्रांतिनगर में महामंडल विधान का आयोजन बड़े ही भक्ति और उत्साह के साथ चल रहा है। सर्वप्रथम मंगलाष्टक, अभिषेक इसके बाद शांतिधारा और पूजन की जाती है।

जैन सभा के संरक्षक एवं इस विधान के आयोजक व पुण्यार्जक प्रवीण जैन ने बताया कि पूजन के बाद सिद्धचक्र महामंडल विधान का पाठ प्रारंभ होता है और इंद-इंद्राणी, मुख्य पात्र मण्डल एवं श्रद्धालुगण मण्डल पर जाकर श्रीफल के साथ अर्घ्य समर्पित करते हैं। संध्याकालीन बेला में श्रीजी की आरती एवं भजन किया जाता है। इसके बाद विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया द्वारा शास्त्र प्रवचन किए जाता है। इन्होंने बताया कि विद्वानों ने इस विधान को लघु समयसार कहा है। दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति की महान परंपरा के अनुसार अष्टान्हिका पर्व में पंच-परमेष्ठी की पूजा,आराधना करने का एक विशेष महत्व होता है, इसलिए अष्ठानिका महापर्व के पावन पुनीत अवसर पर श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन हमेशा से किया जाता रहा है। इस अनुष्ठान के चौथे दिन मंत्रोच्चार के साथ 64 अर्घ चढ़ाए गए, विधानाचार्य मनोज भैया द्वारा पूजा में चढ़ाए गए अर्घ्यों का अर्थ विस्तार पूर्वक बताया गया। विधान के दौरान विधानाचार्य जी ने बताया कि कर्म मूलतः आठ होते हैं, जिनके कारण संसारी जीव सत्कर्म और असत्यकर्म करता है।



## संत नामदेव जयंती पर गायत्री महायज्ञ, महाआरती

**बिलासपुर।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान संत नामदेव भवन नूतन चौक सरकंडा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ तथा महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। नामदेव समाज ने एक-दूसरे को जयंती पर्व की बधाई दी।

अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली तथा श्रीनामदेव फाउंडेशन बिलासपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में संत नामदेव की महाआरती, हवन पूजन के साथ प्रसाद का वितरण किया गया। ज्वाला प्रसाद नामदेव, कमल वर्मा, शिवकुमार वर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव महाराज की भक्ति साहित्य भारतीय समाज एवं संस्कृति की महान देन है। जिसने भारत के उत्तर से दक्षिण में एकता, समता, बंधुत्व की कड़ियां मजबूत करने में अपूर्व योगदान दिया है। नामदेव समाज के प्रमुख शिव शंकर लाल वर्मा ने गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर संत नामदेव भगवान की पूजा अर्चना कराई। विधायक अमर अग्रवाल, महापौर पूजा विधानी तथा सभापति विनोद सोनी, पार्षद श्याम साहू, अचल दुबे ने नामदेव समाज को बधाई दी और कहा कि संत नामदेव द्वारा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं समाज को एक सूत्र में पिरोकर सभी को संगठित करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।



## सेनानी परिवार ने पुरखों का किया स्मरण

**बिलासपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा पूरे देश में सेनानियों का स्मरण आयोजन के तहत नवम्बर माह के प्रथम रविवार को प्रातः 10 बजे जिले के सेनानी उत्तराधिकारियों ने अपने पुरखों को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने कहा कि भारत को बनाने वाले अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों की गाथा वर्तमान पीढ़ी को स्मरण कराने की ज़रूरत है। सरकार हर सम्भव मदद करने को तैयार है आप संगठित होकर एक साथ काम करें। उन्होंने संगठन निर्माण के तहत सेनानी स्व राम चरण साहू की बेटी ज़िला अध्यक्ष डॉ शकुंतला जितपुरे को कम समय में अच्छा कार्य करने हेतु बधाई दी। चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने बतलाया प्रतिमाह प्रथम रविवार को प्रातः 10 बजे 10 मिनट स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम कार्यक्रम के तहत नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार के सदस्य प्रातः 10 राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानी एवं महान विनोबा भावे सेनानी स्व राम चरण साहू के त्याग बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि दी। उक्त अवसर पर सेनानी परिवार से सर्वश्री चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, डॉ शकुंतला जितपुरे, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ उषा किरण बाजपेयी, डॉ शिवनाथ श्रीवास, योगेश तिवारी सहित सेनानी परिवार उपस्थित रहे।



## मोदी के सामने प्रस्तुत गेड़ी नृत्य पर झूमे लोग

**बिलासपुर।** रजत जयंती राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर राज्योत्सव का दिन गेड़ी नृत्य दल के लिए ऐतिहासिक दिन बन गया जब गेड़ी नृत्य के प्रदर्शन को देखने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन को देख हाथ हिलाकर गेड़ी नृत्य दल के सभी सदस्यों का अभिवादन किया।

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर के सांस्कृतिक संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल बीस सदस्यीय कलाकारों का दल अनिल गढ़ेवाल के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री का स्वागत कर राज्योत्सव के दिन को यादगार बना दिया। छत्तीसगढ़ी गेड़ी लोक नृत्य दल ने राज्योत्सव मैदान के मंच पर गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरी अनिल गढ़ेवाल के गाए हुए गीत काट ले हरिहर बांसे जो भला पर दर्शक गढ़ झूम उठे वहीं। मुख्य मांदल वादक संजय रात्रे एवं मोहन डोंगरे के मांदल वादन ने दर्शकों को आकर्षित किया, महेश नवरंग ने बांसुरी पर तान छेड़ा, वही सौखी लाल कोसले के द्वारा गेड़ी नृत्य गीत को स्वर प्रदान किया गया। लक्ष्मी नारायण माण्डले तथा मनोज माण्डले ने एक ही गेड़ी पर नृत्य करके सभी आश्चर्य चकित कर दिया, चेतन कुर्रे, शुभम भार्गव, चंद्रशेखर केवट, फूलचंद ओगरे, अमित भार्गव तथा शुभम भारद्वाज, उदय खांडे ने आकर्षक गेड़ी नृत्य करके दर्शकों का मन मोह लिया।



स्पोर्टर्स न्यूज

## एलसीआईटी की रुपाली ने योग में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

लख्मीचंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बोदरी की योगा खिलाड़ी रुपाली साहू ने योगा इवेंट रीथमिक मे प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा आबंटित एकीकृत राज्य स्तरीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज रायपुर की मेजबानी में महाविद्यालय इंडोर मे आयोजित किया गया था।

जिसमें एलसीआईटी में कंप्यूटर साइंस इंजीनिरिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रुपाली साहू ने अपनी योगा इवेंट रीथमिक मे बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल जीतकर एलसीआईटी कालेज का नाम रोशन किया है। आल इंडिया यूनिवर्सिटी योगा प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई की योगा टीम मे जगह बनाई है। पिछले वर्ष भी रुपाली आल इंडिया यूनिवर्सिटी योगा में तकनीकी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर चुकी है, इस बार अच्छे प्रदर्शन कर मैडल जितने की उम्मीद है इनकी मैडल जितने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, इंजीनिरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव ने शुभकामनाएं दी।




## एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीसरे नंबर पर बनाई जगह

छत्तीसगढ़ की बेटी थोटा संकीर्ण ने चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया यह प्रतियोगिता रांची में बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित की गई थी।

एथलेटिक्स खिलाड़ी थोटा संकीर्तना टी राजेश्वर राव ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। थोता संकीर्तना का यह तृतीय पदक छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए गर्व का विषय है। इससे पहले भी वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर देश को व प्रदेश को गौरवान्वित कर चुकी हैं। अपनी मेहनत और लगन से संकीर्तना ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार साबित किया है। वर्तमान में थोता संकीर्तना अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नेशनल कैंप बेंगलुरु में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनके इस शानदार प्रदर्शन से न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि प्रदेश के खेल विकास को भी नई दिशा मिलेगी।





# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style



# किआरा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।



# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन

## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## खबर संक्षेप

### जिला क्रिकेट टीम के लिए कृष्णा का चयन



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड की ओर से आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गौरेला के कृष्णा अग्रवाल का चयन जिला कोरिया की टीम में हुआ है। उनका पहला मैच भिलाई में खेला जाएगा। कृष्णा अग्रवाल एक प्रतिभाशाली ऑलराउंडर हैं, जो लेग स्पिन गेंदबाजी के साथ अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। वे मां कल्याणिका स्कूल गौरेला के छात्र हैं, और अपने कोच मिराज सर के मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। कृष्णा ने अपने चयन का श्रेय अपने कोच और स्कूल के शिक्षकों को देते हुए कहा कि, मेरे खेल और सफलता के पीछे मेरे कोच मिराज सर और स्कूल के सभी शिक्षकों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन है। उन्हीं की प्रेरणा से मैं यहां तक पहुंचा हूं। कृष्णा के चयन पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और नगरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए श्रद्धा का चयन



**सकरी।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर सकरी में अध्ययनरत 12वीं की छात्रा कुमारी श्रद्धा ठाकुर का चयन ऊंची कूद में अखिल भारतीय एथलेटिक्स स्पर्धा के लिये हुआ है। यह प्रतियोगिता कर्नाटक बैंगलोर के हासन में दिनांक 1 नवंबर से 4 नवंबर तक आयोजित होगी। स्पर्धा में भाग लेने के लिए श्रद्धा ठाकुर वैनगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बिलासपुर से रवाना हुई हैं। ज्ञात हो कि, श्रद्धा ठाकुर विभाग स्तर पेंड्रा प्रांत स्तर कोनी एवं क्षेत्र स्तर भोपाल में एथलेटिक्स अंतर्गत ऊंची कूद स्पर्धा में विजेता रही हैं। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, व्यवस्थापक धर्मेश दुबे, प्राचार्य मिलिन्द शेष, शारीरिक प्रमुख प्रकाश यादव एवं आचार्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जिला डाक टिकट प्रदर्शनी में नवीन को सम्मान



**करगीरोड कोटा।** जिला डाक टिकट प्रदर्शनी प्रतियोगिता बिलासा पेक्स 2025 में गुडविल पब्लिक स्कूल प्राचार्य नवीन गुप्ता को डाक टिकट जारी कर छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के डाक निर्देशक दिनेश मिस्त्री, बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल, बिलासपुर संभाग के डाक अधीक्षक विनय कुमार प्रसाद के हाथों सम्मानित किया गया। दो दिवसीय जिला डाक टिकट प्रदर्शनी आयोजन राघवेंद्र राव सभा भवन बिलासपुर में हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मौजूद रहे। साथ ही जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी, डाक विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशांत कुमार गुप्ता पत्रकार सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के बच्चे उपस्थित रहे। इस मौके पर नवीन गुप्ता ने कहा कि, मैं अपनी फोटो सहित डाक टिकट एवं सम्मान प्राप्त करने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

### अग्रवाल समाज ने बिल्हा थाने में दिया आवेदन




**बिल्हा।** अग्रवाल समाज ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए बिल्हा थाने में आवेदन सौंपा। अग्रवाल समाज ने अपने आराध्य देव अग्रसेन महाराज के लिए की गई अमर्यादित टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि, अमित बघेल का यह बयान अनर्गल, विवादित और असंवेदनशील है, जिसने अग्रवाल संमाज के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। समाज के आराध्य देव का अपमान किसी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। समाज के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि, मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। समाज के सदस्यों का कहना है कि, यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज के लोग शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कैलाश गोयल, विजय बंसल, सहसचिव कैलाश अग्रवाल, मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, भवन समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सुभाष तायल, सुभाष अग्रवाल, सुरेंद्र मित्तल, विनोद अग्रवाल, मनोज गर्ग, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, अभय अग्रवाल, शिव अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, पारस अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, सौरभ गर्ग, अंकुर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दिव्यांग के साथ भाई ने की मारपीट

**तखतपुर।** लकड़ी बेचने से मना करने पर युवक ने अपने अंधे भाई के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तखतपुर पटवापारा निवासी विजय सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 नवम्बर की रात 9:30 बजे उसका भाई विरेंद्र सोनी घर में रखी लकड़ी को बेचने के लिए जा रहा था। जब उसने विरेंद्र को ऐसा करने से मना किया तो विरेंद्र ने उसके साथ गलौज-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

## काम पर जाने की बात को लेकर दोनों के बीच हुआ विवाद

# पति ने गला दबाकर की पत्नी की हत्या, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पत्नि के बार-बार मजदूरी में जाने की बात कहने से नाराज पति ने गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदुआ निवासी कोटवार सुकृत दास मानिकपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 2 नवम्बर की सुबह 6 बजे मिथुन मेहर के पिता कुमार मेहर ने उसे बताया कि, उसकी बहू सीमा और पुत्र मिथुन के बीच रात में विवाद हुआ था। इस दौरान मिथुन ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की एवं वह मृत अवस्था में पड़ी है। कोटवार की सूचना जूनापारा चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और कमरे में बिस्तर के पास से सीमा का शव बरामद किया, जिसके गले एवं पैर में चोंट के निशान थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया। मर्ग कायम कर पुलिस ने आरोपी मिथुन से पूछताछ की। आरोपी मिथुन ने बताया कि, उसकी पत्नी आए दिन उसे मजदूरी में जाने के लिए बोलती थी एवं इसी बात को लेकर हमेशा लड़ाई-झगड़ा करती थी। घटना के दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ एवं गुस्से में आकर मिथुन ने पत्नी का गला दबाकर



उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने धारा 103,1 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मिथुन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**आरोपी को भेजा गया जेल:** महिला की हत्या के जुर्म में पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

– **संदीप सिंह,** जुनापारा चौकी प्रभारी

### महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** राशन लेने जा रही महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढनढन निवासी हतवारा बाई निर्मलकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह राशन लेने के लिए दुकान जा रही थी। इसी दौरान नमदिया, महेतरी, नर्मदा एवं कल्लू ने उसका रास्ता रोककर पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।



## 720 परिवारों ने किया गृहप्रवेश 540 आवासों का भूमिपूजन

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जीपीएम जिले के पेंड्रा ब्लॉक में हजारों परिवारों का वर्षों का सपना साकार हुआ। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 720 परिवारों को उनके नए पक्के मकान में एकसाथ गृह प्रवेश कराया गया एवं 540 आवासों का भूमिपूजन किया गया। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह आज 1 नवंबर को नया रायपुर अटल नगर में आयोजित किया गया, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली पेंड्रा जनपद सहित राज्य भर के लाभार्थी परिवारों का गृह प्रवेश कराया। पेंड्रा जनपद के सभी ग्राम पंचायत में इस अवसर पर उत्सव का वातावरण रहा। राज्योत्सव एवं देवउठनी एकादशी के महापर्व पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता शर्मा ने ग्राम पंचायत अड़भार, कुदरी, सकोला एवं कोटमिकला में गृह प्रवेश व भूमि पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक, संबंधित ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक, सरपंच, सचिव रोजगार सहायक, आवास मित्र, पंच व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता शर्मा ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीति-निर्णय व पहल से जनपद के हजारों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला।

## गुरुघासीदास बाबा पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**मुंगेली।** जिले के सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की थी। बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ सतनामी समाज ने किया पुलिस की कार्रवाई का स्वागत

रायगढ़ निवासी विजय राजपूत सिंधी, सतनामी समाज के आराध्य बाबा गुरु घासीदास पर अभद्र टिप्पणी की थी, उसे पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। अभद्र टिप्पणी को लेकर समाज में तीव्र विरोध की लहर फैल गई थी एवं जिले के सतनामी समाज के प्रतिनिधियों ने थाना सिटी कोतवाली में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करने और कठोर



कार्रवाई की मांग की थी। समाज ने चेतावनी दी थी कि, यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सामाजिक दबाव और जनआक्रोश को देखते हुए पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विजय राजपूत को गिरफ्तार किया और उससे सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर माफी मंगवाई। साथ ही जुलूस निकालकर उसे चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी हरकत दोबारा न हो। समाज के लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि, यह कदम बाबा गुरु घासीदास के प्रति श्रद्धा रखने वाले लाखों अनुयायियों की भावनाओं का सम्मान है।

## अनियंत्रित ट्रेलर ने मवेशियों को रौंदा, 4 की मौत, 2 घायल

**रतनपुर।** रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जाली के पास शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे राखड़ से भरे ट्रेलर सीजी 10 ईएक्स 2475 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पुल के ऊपर बैठे मवेशियों के झुंड को कुचल दिया।

हादसे में 4 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर तेज रफ्तार में पुल से गुजर रहा था एवं अनियंत्रित होकर सामने चल रहे मवेशियों को रौंद दिया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रुकवाया और चालक को



पकड़ लिया। घटना की सूचना तुरंत रतनपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मवेशियों के शवों को ग्रामीणों की मदद से सड़क किनारे हटवाया और घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

## गौरा-गौरी विवाह के लिए निकली शिव बारात

**मल्हार।** चार महीने शयन के बाद भगवान नारायण के जागने के पवित्र दिन देवउठनी एकादशी शनिवार को पूरे श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। परंपरानुसार यहां रात्रि में भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह की गौरा-गौरी के रूप में बारात निकली, वहीं प्रत्येक घरों में गन्ने के मंडप में तुलसी



विवाह भी श्रद्धाभक्ति के साथ किया गया। मान्यता के अनुसार इस पवित्र दिन से मांगलिक कार्य भी प्रारम्भ हो जाएंगे, शादी- विवाह, गृहप्रवेश, व्रतबंध, मुंडन सहित अन्य धार्मिक कार्य 4 महीने बाद शुरू हो जाएंगे। परंपरानुसार धर्म नगरी मल्हार के कई स्थानों से शिव बारात निकली जिनका जगह-जगह स्वागत किया गया। शिव बारात में लोग मांदर की थाप में नाचते-गाते पहुंचे एवं विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। घरों में तुलसी चौरे में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान सालिगराम से माता तुलसी का विवाह बड़े श्रद्धाभक्ति से किया गया। स्कूल चौक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे व धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में वार्ड 13 के शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। नगर के विभिन्न मोहल्लों में आयोजित की गई पारम्परिक गौरा-गौरी विवाह के बाद रविवार को प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया।

## कलश यात्रा के साथ चिन्मयानंद बापू की राम कथा का शुभारंभ

**लोरमी।** नगर में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रसिद्ध कथावाचक चिन्मयानंद बापू की राम कथा प्रारम्भ हो गई। कलश यात्रा महामाया मार्ग के श्री मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण कर मानस मानस मंच कथा स्थल पहुंची। पहले दिन की कथा में कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने रामायण के बारे बताते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। अखिल ब्रह्मांड के नायक को जिस मां अपने कोख में रखा वह मां छत्तीसगढ़ की बेटी थी। बापू ने आगे कहा कि, सारा ब्रह्मांड जिसके उदर में रहता है, वे माता कौशल्या के उदर में आ गए। यह प्रमाण है, कि भगवान राम मां कौशल्या के गर्भ में खुद आए, धन्य है



छत्तीसगढ़ की धरा। उन्होंने कहा कि, मैं देखता हूं कि, छत्तीसगढ़ के लोग प्रभु राम से बहुत प्रेम करते हैं, वे सभी के भांचा है। भगवान राम के माताजी की धरती अति वंदनीय है, और इस धरती पर रहने वाले आप, हम परम सौभाग्यशाली हैं। बापू ने कहा कि, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है, कि मानस मंच में जीर्णोद्धार के बाद यहां मेरी व्यास पीठ की पहली कथा है। गौरतलब है कि, कथा वाचक चिन्मयानंद बापू केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ बिलासपुर से आए लोरमी पहुंचे एवं कलश यात्रा में शामिल हुए। मंच संचालन नितेश पाठक ने किया। कथा के दौरान जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, सागर बैस, गुरमीत सलूजा, पूर्व नप अध्यक्ष अंजना दास, जगदीश सोनी, रवि शर्मा, विकास केशरवानी एवं आयोजन समिति के सदस्यों सहित अन्य मौजूद रहे।

## नवधा रामायण में शामिल होकर धीवर ने की पूजा-अर्चना

**सीपत।** तेली धीवर मोहल्ला सीपत में चल रहे अखंड नवधा रामायण के नवमें दिन की संध्या भक्तिमय माहौल से सराबोर रही। इस पावन अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र धीवर उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उनका साल, श्रीफल, कैलेंडर एवं प्रसाद भेंटकर सम्मान किया। श्री धीवर ने कहा



कि, क्षेत्र में विकास की गंगा बहाना मेरी प्राथमिकता है, इसके लिए मैं हरसंभव प्रयास करूंगा। लेकिन इसके लिए प्रभु श्रीराम और जनता के आशीर्वाद की भी आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि, रामकथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। प्रभु श्रीराम ने हमें सिखाया कि सत्य, मर्यादा और कर्तव्य का पालन ही सच्चा धर्म है। आज समाज अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में इस तरह के आयोजन एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं।

20 लाख की लागत से बनेगा सर्वसमाज भवन- इस मौके पर राजेंद्र धीवर ने आने वाले दिनों में सीपत के ठाकुरदेव मंदिर के पास 20 लाख रुपए की लागत से सर्वसमाज के लिए सुविधायुक्त भवन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि, यह भवन सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए समर्पित रहेगा। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख रूप से गुड़ी सरपंच दुर्गा साहू, सीपत चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, पत्रकार हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, लक्ष्मी साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शिवांगी ने जीता स्वर्ण

**सीपत।** सीपत क्षेत्र की उभरती ताइक्वांडो खिलाड़ी शिवांगी सिंह ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेश भर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका से हिस्सा लेते हुए शिवांगी ने अपने दमदार खेल और आत्मविश्वास के बल पर फाइनल मुकाबला जीतकर



क्लब और क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसी क्रम में जगदलपुर में आयोजित अंडर-17 चैम्पियनशिप में क्लब की खिलाड़ी स्वीकृति गुप्ता और प्रिंसी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। वहीं भिलाई जामुल में हुए मुकाबलों में आदित्य राठौर और रियांश सिंह ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कांस्य पदक जीतकर मोपका क्लब का परचम लहराया। क्लब के संचालक एवं कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने सभी पदक विजेताओं, उनके अभिभावकों और टीम सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि, हमारे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से साबित किया है कि सीपत क्षेत्र प्रतिभा से भरा हुआ है। आने वाले समय में ये बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतेंगे। खिलाड़ियों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## शांति धाम आश्रम में हिंदू सम्मेलन व मानस प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

परम शांति धाम आश्रम गोरखपुर गौरेला में रामलीला वार्षिकोत्सव एवं 5 दिवसीय विशाल हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को हुआ। यह कार्यक्रम 1 से 5 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन भक्ति, कीर्तन, प्रवचन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

पहले दिन बड़ी संख्या में नगरवासी, श्रद्धालु एवं ग्रामवासी शामिल हुए। सुबह साध्वी हरिप्रिया के मार्गदर्शन में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों और आश्रम के बच्चों ने योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। अपराह्न बेला में श्री रामचरितमानस कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के बच्चों ने



संस्कृत में नर्मदाष्टकम की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि साध्वी प्रज्ञा भारती जी रहीं। दोनों ने आश्रम की ओर से गौरेला क्षेत्र में किए जा रहे जनजागृति और धर्म संरक्षण के कार्यों की सराहना की। आश्रम के प्रमुख स्वामी परमात्मानंद ने सभी उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। संचालन समिति ने निर्णायकों का तिलक, चंदन एवं पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में छेदीलाल, नाथूराम, टिकादास, राजेंद्र कृष्ण पांडेय, रमेश प्रधान, संजय राजपूत, हरप्रसाद पाल आदि उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से आश्रम के सचिव पुरुषोत्तम नाथ पिपरहा, संयोजक संदीप सिंघई, सहसचिव आचार्य मुकेश और साध्वी विजय उर्मिला ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

### क्षेत्र की प्रमुख मानस मंडलियों ने लिया भाग

श्री रामचरितमानस कीर्तन प्रतियोगिता में जय भोले मानस परिवार, श्री राधे मोहन मानस परिवार, श्री रामचरितमानस मंडली, जय बजरंग मानस मंडली, शारदा महिला मानस मंडली, मानस मंडली, नागेश्वरी मानस मंडली, प्रभु के संदेश मानस मंडली तथा जय श्रीराम मानस मंडली ने प्रस्तुति दी।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**पेंड्रा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 30 अक्टूबर को शासकीय हाई स्कूल गौरेला मंगली बाजार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 263 लाभार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 138 महिलाएं एवं 125 पुरुष शामिल थे। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पेंड्रारोड कुमारी सीमा जगदल्ला ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम, साइबर क्राइम, बाल श्रम एवं अन्य विधिक जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिंटियर कुमारी लीलावती राठौर, प्राचार्या एल प्रधान, व्याख्याता लक्ष्मण सिंह क्षत्रिय सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने की सीएम से मुलाकात

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। इस दौरान आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि, प्रदेश के किसानों के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी, जिसके कारण बहुत से किसान पंजीकरण से पिछड़ चुके हैं।साथ ही उन्होंने बताया कि, इस पंजीयन में तकनीकी त्रुटियां काफी आ रही है जिसके कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान भाई एग्रीस्टैक पंजीयन नही करा पाएं है जिसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा।

■ एग्रीस्टैक पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग

जिला भाजपा किसान मोर्चा मुंगेली के प्रभारी रिजवान हक ने जानकारी देते हुए बताया कि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश



सीएम से मुलाकात करते किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सह निवेदन आग्रह किया इस एग्रीस्टैक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाया जाए, जिसमे बेहद सहजता पूर्वक प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक-एक बिंदुवार विषय से अवगत हुए एवं विश्वास दिलाया कि, प्रदेश कि भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी हुई है। उनकी सभी समस्याओं का निराकरण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री ने एग्रीस्टैक पंजीयन की समय अवधि को बढ़ाने का आश्वासन दिया। भाजपा किसान मोर्चा के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर पदभार संभालते ही निरंतर किसान हित के कार्यों में लगे हुए हैं। हाल में ही डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी पीवी आप पंजीयन अवधि 31 अक्टूबर अंतिम तिथि थी, उसमें भी मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए 30 नवंबर तक समय अवधि को बढ़ाने का आग्रह किया था, जिसमें समय अवधि को बढ़ाया गया। इस बीच मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर मिश्रा, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम तिवारी, किसान मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी महेश कौशल, बलरामपुर किसान मोर्चा जिला महामंत्री विकास मंडल साथ उपस्थित रहे।

## डीएवी गोढ़ी में क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल देवरीखुर्द में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रशिक्षक समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा निर्देशन, कलस्टर समन्वयक केएन मिश्रा एवं कलस्टर प्रमुख विनय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर केएन मिश्रा ने कहा कि, क्षमता संवर्धन कार्यशाला केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह आत्मविकास, नवाचार और सीखने की प्रक्रिया को एक नया आयाम देने का अवसर है। समय के साथ शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है। अब केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं, बल्कि कौशल, व्यवहारिक ज्ञान और नेतृत्व क्षमता भी उतनी ही आवश्यक है। विनय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि, इस कार्यशाला के माध्यम से हम न केवल नवीन शिक्षण विधियों, प्रौद्योगिकी के उपयोग और आत्म विश्लेषण की कला को समझेंगे, बल्कि टीम वर्क, संवाद कौशल, और सृजनात्मक सोच को भी सशक्त करेंगे। डीएवी स्कूल गोढ़ी से प्रशिक्षक के रूप में आरती पांडेय, अंजुदेवी यादव, आशीष सोनी तथा प्रशिक्षु के रूप में अंजन तिवारी, आरती मिश्रा, मंजू कौशिक, रचना सिंह, तितिक्षा ठाकुर, मोनिका लाजरस, चूड़ाकांत सन्नाट, दीपक कुमार साहू शामिल हुए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क./क/वा/अति.तह./ 2025
बिलासपुर, दिनांक 16/10/2025

ग्राम मंगला के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा-मंगला प.ह.नं. 35 बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न. 290/11 रकबा 0.0162 हेक्टेयर भूमि हेतु आवेदक मंगल सिंह पोर्ते पिता श्री रामखिलावन पोर्ते निवासी वार्ड-06 आदिवासी मोहल्ला कोसकट्टी कुसमुल्ली मटसगरा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आदिवासी भूमि विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 06.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय राज्योत्सव में आज के कार्यक्रम

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन पुलिस परेड मैदान में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। जिला स्तर पर राज्योत्सव का आयोजन इस बार तीन दिवस का होगा। स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई गई है। विभागीय प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के 25 सालों की विकास यात्रा को दिखाया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम के बेहतर एवं सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारी पहले ही सौंपी दी थी। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों की सुविधा एवं समन्वय के लिए कलेक्टर ने लाईजनिंग ऑफिसर नियुक्त किए हैं। कार्यक्रम के पहले दिन 2 नवम्बर को स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। लोक मंच हिलेन्द्र ठाकुर की प्रस्तुति, आंचल पाण्डेय का कत्थक नृत्य, जीजीयू का उमंग बैण्ड की प्रस्तुति, बालमुकुंद पटेल का भरथरी गायन एवं रेखा देवार का छत्तीसगढ़ी गायन तथा इण्डियन रोलर बैण्ड की प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दूसरे दिन 3 नवम्बर को शाम 5 से 6.30 बजे तक स्कूली बच्चों का कार्यक्रम होगा। 6.30 बजे से 7 बजे तक दिनेश गुप्ता का पण्डवानी गायन, शाम 7 से 7.30 बजे तक अनिल गढ़ेवाल का गेड़ी नृत्य, रात 7.30 से 8.30 बजे तक तनिष्क वर्मा का गायन, साढ़े 8 बजे से साढ़े 9 बजे तक बासन्ती वैष्णव का कत्थक नृत्य और रात्रि 9.30 बजे से 11 बजे तक ऐश्वर्या पण्डित बॉलीबुड का गायन होगा। समापन 4 नवम्बर को होगा।

### ट्रेलर ने 5 मवेशियों को कुचला, 3 की मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने सड़क में बैठे 5 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 3 की मौत हो गई है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, रविवार को सुबह 9.30 बजे जाली ब्रिज के उपर मवेशी बैठे हुए थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएक्स, 2475 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 5 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे मे 3 की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर लिया है।

### फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त पदों पर आवेदन 7 तक

**बिलासपुर।** जिले के विकास खण्डों में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित समावेशी संसाधन स्त्रोत केन्द्र के लिए फिजियोथेरेपिस्ट के 3 रिक्त पदों पर 7 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

---

सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर में भी समस्या | एक साथ बिजली बंद होने से कई स्थानों पर नहीं पहुंच पाता अमला

# लाइनमैनों की कमी से जूझ रहा बिजली विभाग, वेतन कम मिलने से कई ने छोड़ा काम

**बिलासपुर।** शहर और ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन बिजली बंद की परेशानी से लोग हलाकान हो गए हैं। वहीं लाइनमैन की कमी से बिजली विभाग के अफसर भी जूझ रहे हैं, जिसके कारण एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद के कारण अमला समय पर नहीं पहुंच पाता है।

सेन्ट्रल के साथ स्टेट के कई विभाग में अब सरकारी कार्यों को ठेके पर दे दिया गया है, जहां सरकारी कर्मचारी से ज्यादा ठेकेदार और उनके कर्मचारी दिखाई देते हैं। इसी तरह का हाल बिजली विभाग का भी हो गया है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना से पहले बिजली विभाग में दफ्तर में बैठने वाले कर्मचारियों से लेकर बिजली बंद



की परेशानी को दूर करने और सुधारने के लिए भी कर्मचारी सरकारी हुआ करते थे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित बनने के बाद बिजली विभाग में सारे कार्य ठेकेदारों के भरोसे दे दिया गया। फ्यूज कॉल में बैठने वाले आपरेटर, बिजली बिल का भुगतान करने के लिए एटीपी मशीन के आपरेटर सहित किसी भी स्थान पर यानि सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर के अलावा अन्य स्थानों पर बिजली बंद की समस्या को दूर करने के लिए भी लाइनमैन अब ठेकेदार के कर्मचारी हो गए हैं। यह कर्मचारी शहर के साथ ग्रामीण एरिया के फ्यूज कॉल दफ्तर में दिखाई देते हैं। ठेकेदार के भरोसे सारे कार्यों को देने के बाद सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों को भी किसी बात की चिंता नहीं रहती है। इन कर्मचारियों की संख्या इतनी कम है कि शहर और ग्रामीण में अगर एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद की समस्या हो जाए, तो एक अमले को दूसरे स्थान पर पहुंचने तक घंटों समय लग जाता है। इसके कारण लोग भी काफी परेशान हो रहे हैं।

### नियमितीकरण की मांग

ठेकेदार के कर्मचारियों की स्थिति काफी खराब है। ठेकेदार विभाग से एक-एक कर्मचारी को देने के लिए 20 से 25 हजार रुपए वेतन देने की राशि लेने के बाद उन्हें 12 से 15 हजार रुपए देता है। कई बार कर्मचारियों को वेतन के लिए भी ठेकेदार के चक्कर काटने पड़ जाते हैं। इसकी वजह से कर्मचारी कहीं बिजली बनाने जाते हैं तो खर्चा पानी की मांग करते हैं। कई कर्मचारियों ने तो वेतन कम होने के कारण भी काम छोड़ दिया है। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने कई बार शासन प्रशासन के पास जाकर नियमित करने मांग भी की है, जहां उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता है।

### घूमती है केवल एक गाड़ी

श्याम टॉकीज फ्यूज कॉल में बैठने वाले कर्मचारियो और अधिकारियों का कहना है कि लाइनमैन के साथ अन्य उपकरणों की भी काफी कमी है। सब स्टेशन के साथ कहीं ट्रांसफार्मर और लाइन में अगर फॉल्ट की समस्या आती है या फिर एक साथ कई स्थानों पर बिजली बंद की शिकायत होती है तो उसे सुधारने के लिए समय लग जाता है। इसका कारण है कि विभाग ने केवल एक गाड़ी दिया है, जिसमें ठेकेदार के तीन लाइनमैनों को घूमना पड़ रहा है।

### समस्या तो है

शहर के साथ ग्रामीण एरिया के फ्यूज कॉल दफ्तर में लाइनमैन और अन्य कर्मचारियों की कमी से समस्या तो है। इसके लिए शासन को पत्र भी लिखा गया है, जल्द ही इसपर कार्य किया जाएगा।

**-एके अम्बष्ठ**
ईडी, बिलासपुर रीजन

---

कदम-कदम पर दुर्घटना की आशंका, ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन

# सड़क पर गड्ढे नहीं, गड्ढों पर है सड़क चलना मुश्किल, हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर मस्जिद के सामने वाली सड़क की हालत जर्जर के कारण व्यापारियों के अलावा राहगीर तो परेशान हैं। इसके अलावा ज्वाली नाले के ऊपर भी सीसी रोड बनाई गई है, जहां कदम-कदम पर गड्ढों के साथ शाम होते ही अंधेरा छाने के कारण गाड़ियां लेकर चलना मुश्किल हो गया है। इसकी जानकारी होने के बाद भी प्रशासन सड़क बनाना तो दूर मरम्मत की ओर भी ध्यान नहीं दे रहा है, जिसके कारण लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया है।

शहर में सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है, जहां गाड़ियां लेकर जाने वाले लोग काफी परेशान हो चुके हैं। गली-मोहल्लों से लेकर चौक-चौराहों और मुख्य सड़कों का हाल ऐसा हो गया है कि कुछ दूर तक सड़क सपाट रहती है इसके बाद गड्ढों की शुरुआत हो जाती है। इसी तरह का

**जूना बिलासपुर की सड़क नहीं सुधरी**



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क।

हाल बिलासपुर शहर के मुख्य मार्ग मानसरोवर चौक से लेकर गांधी चौक के बीच की है। मानसरोवर से लेकर हनुमान मंदिर के बीच की सड़क संकरी है। इस सड़क पर भक्त कंवरराम कपड़ा मार्केट के कारण गाड़ियां सड़क के बीच में खड़ी रहती है। इसके उपरांत हनुमान मंदिर से लेकर जूना बिलासपुर मस्जिद के सामने से लेकर गांधी चौक तक की सड़क में चलना लोगों के लिए दुभर हो गया है। गड्ढे.इतने बड़े हैं, जिसमें बारिश के मौसम में पानी भरने से उसका पता नहीं चल पाता है। यहां प्रतिदिन गाड़ियों का गिरना आम बात हो चुकी है। इसी तरह का हाल ज्वाली पुल का भी हो गया है।

पुराने मनोहर टॉकीज के पहले बने ज्वाली पुल से लेकर बृहस्पति बाजार और राजेन्द्र नगर चौक तक नाले के ऊपर सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है, ताकि शहर की मुख्य सड़कों पर जाम की स्थिति निर्मित न हो सके। यह सड़क तो लोगों की सुविधा के लिए बन गई, लेकिन कुछ दिन बाद सड़क की हालत खराब होनी शुरु हो गई। तेलीपारा पुराने जगत दाल मिल से लेकर मध्यनगरीय चौक होते हुए मिशन हॉस्पिटल तक ज्वाली नाले के ऊपर बने रोड का हाल ऐसा हो गया है, जहां कदम-कदम पर गड्ढों के कारण चार पहिया तो दूर बाइक लेकर जाने वाले लोग भी काफी परेशान हो चुके हैं।

### मध्यनगरीय से मिशन हास्पिटल चौक

ज्वाली नाला पर सड़क का निर्माण कार्य मध्यनगरीय चौक से लेकर मिशन हास्पिटल चौक तक भी किया गया था। इस सड़क पर जूनी लाइन के अलावा ईदगाह चौक की ओर आने-जाने वालों के लिए मार्ग निकाला गया, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो सके। इसकी हालत वर्तमान में काफी खराब हो चुकी है। मुख्य रूप से जूनी लाइन छाता वाले की दुकान से ज्वाली नाले की ओर आने वाली रोड पर लोगों को बच बचकर चलना पड़ रहा है।

### चक्काजाम करेंगे आज



जूना बिलासपुर की जर्जर सड़क को लेकर व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने चक्का जाम करने का निर्णय ले लिया है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि पुराने श्याम टॉकीज से लेकर गांधी चौक की हालत काफी खराब होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क खराब के कारण दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय व्यापारियों के अलावा नागरिकों में चंदूलाल जकयानि, अखिलेश गुप्ता, आनंद साहू, करण रामचंदानी, शिवम, गुरुभक्ष जैसवानी, भरत देवांगन, किशोरी शरण गुप्ता, रशेष गुप्ता, सुरेश देवांगन, राजेश ठाकुर, विपुल पटेल सहित अन्य लोगों ने सोमवार को चक्का जाम का फैसला लिया है, ताकि प्रशासन का ध्यान उनकी ओर जा सके।

### जवाली नाले में डामरीकरण

इसी तरह ज्वाली नाले के ऊपर बने तेलीपारा जगत दाल मिल चौक से लेकर मध्यनगरीय चौक के बीच की हालत काफी खराब हो चुकी थी। मध्यनगरीय चौक से तेलीपारा की ओर आने वाले रास्ते पर थोड़ी दूर के उपरांत गड्ढों को भरने के लिए डामरीकरण का कार्य किया गया था। डामरीकरण के बाद इसकी हालत में कुछ सुधार होने से राहत तो मिली। एक माह बाद वहां पहले की तरह गड्ढे. हो गए।

---

एक्टिवा सवार युवकों ने कार को मारी टक्कर

# दो युवकों ने पत्नी के सामने अधिवक्ता से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी में शामिल होने जा रहे अधिवक्ता की कार को एक्टिवा सवार दो युवकों ने टक्कर मार दी। वे कार से बाहर निकले तो युवकों ने पत्नी के सामने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ शादी में शामिल होने जा रहे थे दंपती

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा निवासी अधिवक्ता अमन पाण्डेय पिता अजय पाण्डेय 1 नवंबर को अपनी कार क्रमांक सीजी 07 सीएस, 9483 में अपनी पत्नी अनुजा के साथ जा रहे थे। रात 8.30 बजे दिल्ली आईएएस एकेडमी के पास पीछे से काली एक्टिवा सवार दो युवकों ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। कार को रोककर पति पत्नी बाहर निकले तो एक्टिवा सवार युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए उनके साथ गाली गलौज की। गाली देने से मना करने पर युवकों ने जान से मारने की धमकी देते जमकर मारपीट कर दी। लोगों की भीड़ एकत्रित होने पर दोनों युवक एक्टिवा से भाग निकले।

पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 281, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# कार सवार युवक पर नशेड़ी युवकों ने किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बीती रात पेट्रोलपंप में पानी पीने गए कार सवार युवक के साथ नशेड़ी युवकों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



प्रार्थी।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदुदण्ड एसबीटी कालेज गली नम्बर 5 निवासी रितेश कौशिक रेत गिट्टी का व्यवसाय करते हैं। 2 नवंबर की रात 12.30 बजे वे अपने दोस्त राहुल राजपूत के साथ कार से घर जा रहे थे। मंगला पेट्रोल पंप के पास कार खड़ी कर पानी पीने जा रहे थे। इसी दौरान एक नशेड़ी युवक पंप में गाली गलौज कर रहा था। वे पानी पीने गए नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उनका कालर पकड़कर मारपीट करने लगा। रितेश ने उसे धक्का देकर पकड़ा तो उसने आवाज लगाकर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। युवकों ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। इसी दौरान एक युवक ने उन पर चाकू से हमला कर दिया है, जिससे उनके सीने व हाथ में चोट आई है। मारपीट की वारदात पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने रितेश की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### भाई बहन व जीजा पर चाकू से हमला



आरोपी।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा निवासी राजा हिमांचल गंधर्व ने रिपोर्ट लिखाई। 1 नवंबर की रात 9 बजे वे परिवार के साथ मोहल्ले के गौरा गौरी पूजा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। रात 10 बजे सुमीत पाण्डेय उर्फ शेट्टी महराज आया उनके जीजा सोनू से कल विवाद क्यों किए थे कहकर गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। इससे वह उनकी पत्नी दुर्गा गंधर्व, दीदी शारदा बीच बचाव करने गईं तो उन पर भी चाकू से हमला कर दिया गया।

### पत्नी ने पति पर किया चाकू से हमला

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, विवेकानंद कालोनी गली नम्बर 7 निवासी धनेश बघेल ने रिपोर्ट लिखाई, 1 नवंबर रात 2.20 बजे घर में थे। इसी दौरान उनकी पत्नी आंचल बघेल, उनकी पहचान की शीला बघेल तुम्हारा कई लड़कियों से प्रेम प्रसंग है कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट की। उनकी पत्नी ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई है।

---

# पुलिस क्वार्टर में जुआ खेलते दो आरक्षकों के बीच मारपीट

**बिलासपुर।** रात्रि गश्त करना छोड़ पुलिसकर्मी सिविल लाइन थाना के पीछे एक पुलिस क्वार्टर में जुआ खेल रहे थे। बीती रात पत्ता लगाने की बात पर दो आरक्षकों के बीच जमकर मारपीट हो गई। बताया जाता है एक आरक्षक ने दूसरे को उठाकर पटक दिया, जिससे उसके चहेरे में चोट आई है। कार्रवाई के डर से रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

सूत्रों के मुताबिक दीपावली के पहले से सिविल लाइन थाना के पीछे एक पुलिस क्वार्टर में रात्रि गश्त करने की बजाए पुलिसकर्मी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। बताया जाता शनिवार की रात वहां शराबखोरी करने के बाद पुलिसकर्मी जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान पत्ता लगाने की बात को लेकर दो आरक्षकों के बीच विवाद हो गया। दोनों एक दूसरे के साथ गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान एक आरक्षक ने नशे में आक्रोशित होकर दूसरे आरक्षक को उठाकर पटक दिया, जिससे उसके चेहरे में



चोट आई और खून बहने लगा। उसके बाद दोनों आरक्षक के बीच जमकर हाथापाई हुई है। कार्रवाई के भय से पुलिसकर्मियों के द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।

### शराबखोरी के बाद विदाई पार्टी में हुई थी मारपीट

पूर्व सिरगिट्टी टीआई के लाइन अटैच होने पर एक कबाड़ी के द्वारा फार्महाउस में विदाई पार्टी आयोजित किया गया था। शराबखोरी के बाद दो आरक्षकों के बीच विवाद हो गया। पार्टी समाप्त होने के बाद दोनों आरक्षक आम रास्ते में एक दूसरे के साथ मारपीट की गई थी। एसएसपी ने विवादित पुलिसकर्मियों को सिरगिट्टी थाने से हटा दिया था।

### पूर्व में भी पकड़े गए थे पुलिसकर्मी

पूर्व में तत्कालीन एसपी रतनलाल डांगी ने सिविल लाइन सीएसपी के पीछे बैरक में दबिश देकर पुलिस अधिकारी व आरक्षकों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया था। उन्होंने पुलिसकर्मियों को फटकार लगाते हुए सिविल लाइन थाने से अलग अलग ग्रामीण थानों में तबादला कर दिया था।

### निजी ड्राइवर करता है व्यवस्था

रात 9 बजे के बाद पुलिस क्वाटर में पुलिसकर्मियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। थाने का एक निजी ड्राइवर पुलिसकर्मियों के द्वारा शराब, चखना का व्यवस्था पहले से करके रखता है। शराबखोरी के बाद रात भी पुलिसकर्मियों के द्वारा जुआ खेला जाता है।

### लगातार चोरी के बाद भी लापरवाही

पिछले एक माह से सिविल लाइन क्षेत्र में चोर गिरोह सक्रिय होकर चार बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुक है। रात्रि गश्त पर निकलने वाले पुलिसकर्मी गश्त करने के बजाए जुआ खेलने व शराबखोरी करने में व्यस्त है। यही वजह है कि चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे है।

# हथकड़ी खोलकर दो आरोपी भागे दूसरे दिन भी नहीं पकड़ पाई पुलिस

**बिलासपुर।** पुलिसकर्मियों की लापरवाही से तहसील कार्यालय से दो आरोपी हथकड़ी खोलकर भाग गए हैं। दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, शुक्रवार को देर रात संदिग्ध रूप से घूमते तेलसरा निवासी मोहन, साहिल को पकड़ा गया था। शनिवार को दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, जयप्रकाश डहरिया दोनों को हथकड़ी लगाकर बिल्हा तहसील कोर्ट में पेश करने गए थे। इस दौरान उनके परिजन भी तहसील कोर्ट में आ गए थे। बातचीत के दौरान दोनों आरोपी हाथ से हथकड़ी खोलकर भाग गए। सूचना पुलिस चकरभाठा पुलिस दोनों युवकों के पतासाजी में जुटी हुई थी। आलम यह है कि दूसरे दिन भी पुलिस दोनों आरोपियों को नहीं खोज पाई है। आरोपियों के भागने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट बाइक में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घूरकर देखने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई है और एक बाइक में तोड़फोड़ कर दी गई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमां सिटी निवासी हिमांशु चौहान पिता शेखर सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। 1 नवंबर की रात 8.15 बजे वे कल्पना किराना दुकान में सामान लेने गए थे। इसी दौरान विवेक देवांगन पूर्व विवाद की बात को लेकर घूरने लगा। उन्होंने घूरकर क्यों देख रहे हो कहा तो वह गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, उनका भाई लोकेश चौहान बीच बचाव करने आया तो विवेक ने अपने परिचित मोना देवांगन को बुला लिया और दोनों ने हिमांशु चौहान व लोकेश के साथ गन्ने से मारपीट कर उनकी बाइक क्रमांक सीजी 10 जेडजे, 6354 में तोड़फोड़ कर दी है। दूसरे पक्ष से विवेक देवांगन ने हिमांशु सिंह उर्फ चिकू उवं उसके दोस्तों पर मारपीट कर जमीन में सिर को पटक दिया। पुलिस ने हिमांशु की रिपेर्ट पर विवेक देवांगन एवं उनके साथी के खिलाफ व विवेक की रिपोर्ट पर हिमांशु सिंह एवं उनके साथी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।




16 दिसंबर 2025 | 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)




13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411